दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA
न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg.No.MH180326353

# पदमावत मीडिया

• डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र एवं राजस्थान से प्रकाशित •

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

• न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे •

• वर्ष 12 • डिजिटल अंक 289 • मुंबई, मंगलवार, 25 अगस्त, 2026 • प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत • कुल पृष्ठ 04 • मूल्य : 0.00/- • निःशुल्क

## खबर संक्षिप्त

### चुमाथांग में नशामुक्त लद्दाख अभियान के तहत जागरूकता शिविर



**चांगथांग@पदमावत मीडिया।** नशामुक्त लद्दाख अभियान के तहत जिला पुलिस चांगथांग ने चुमाथांग में यातायात नाका स्थापित कर नशा विरोधी जागरूकता शिविर आयोजित किया। नाका जांच के दौरान पर्यटकों, टैक्सी चालकों और बाइक सवारों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। वाहन चलाते समय शराब या किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई। स्थानीय लोगों को भी नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने की अपील की गई। पुलिस ने लोगों से नशे की रोकथाम में सतर्क रहने और पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया, ताकि नशामुक्त एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में योगदान दिया जा सके।

### भिंभट स्कूल में नशामुक्त लद्दाख अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम



**द्रास@पदमावत मीडिया।** नशामुक्त लद्दाख अभियान के तहत जिला पुलिस द्रास की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भिंभट में नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने नशीले पदार्थों के प्रकार, नशे के दुष्प्रभाव, कानूनी प्रावधान और बचाव के उपायों की जानकारी दी। थाना प्रभारी द्रास ने प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक रहने तथा इसकी रोकथाम में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। जिला अस्पताल द्रास के बाल एवं किशोर केंद्र के विशेषज्ञ ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक द्रास ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने, साथियों एवं समाज में जागरूकता फैलाने और नशामुक्त लद्दाख अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस दौरान प्रतिभागियों को नशामुक्त लद्दाख की शपथ भी दिलाई गई।

### 474 ग्राम एमडीएमए और स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार



**झालावाड़@पदमावत मीडिया।** मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत डग थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 474 ग्राम एमडीएमए, 22.85 ग्राम स्मैक और 2.613 किलोग्राम संदिग्ध पाउडर बरामद किया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की है। जब्त माल की अनुमानित कीमत करीब 45 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार जिला विशेष टीम से मिली सूचना पर रविवार को हरनावदा से धतुरिया जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध उमराव सिंह की तलाशी ली गई। उसके पास मिले प्लास्टिक के थैले में छह अलग-अलग थैलियों से मादक पदार्थ बरामद हुए। पुलिस ने मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के डोकरखेड़ी निवासी उमराव सिंह पुत्र शिवसिंह (26) को गिरफ्तार कर एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपी से मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त और तस्करी नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन और डग थानाधिकारी भंवरसिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नगरीय निकाय चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण

**जयपुर@पदमावत मीडिया।** राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को शासन सचिवालय स्थित राज्य निर्वाचन आयोग के सभागार में नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के लिए नियुक्त रिटर्निंग अधिकारियों का वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश के सभी जिलों के अधिकारी जुड़े। आयुक्त ने जिलेवार चुनाव तैयारियों और अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों की समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने मतदाता सूचियों के अद्यतन, दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुविधाओं तथा संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों की तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए आयुक्त ने कहा कि किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं। प्रशिक्षण में रिटर्निंग अधिकारियों को नामांकन, मतदान और मतगणना सहित निर्वाचन प्रक्रिया की जिम्मेदारियों की जानकारी दी गई। आयुक्त ने चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राजेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डेंगू-मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में अब घर-घर पहुंचेगा स्वास्थ्य दल
## 27 अगस्त तक चलेगा विशेष अभियान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com







**सलूंबर।** मानसून के दौरान मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में 'स्वास्थ्य दल आपके द्वार' विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 4 अगस्त से शुरू हुआ यह अभियान 27 अगस्त 2026 तक संचालित होगा। अभियान के तहत स्वास्थ्य दल घर-घर पहुंचकर सर्वे, मच्छरों के प्रजनन स्थलों की जांच, सोर्स रिडक्शन, एंटी लार्वल, एंटी एडल्ट तथा जनजागरूकता गतिविधियां कर रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेन्द्र परमार के निर्देशन में संचालित अभियान का नेतृत्व डिप्टी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) कर रहे हैं। अभियान के प्रथम चरण में उन क्षेत्रों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है, जहां गत वर्ष डेंगू के मामले सामने आए थे। इन संवेदनशील क्षेत्रों में स्वास्थ्य दल घर-घर पहुंचकर मच्छरों के संभावित प्रजनन स्थलों की पहचान कर उन्हें नष्ट करवा रहे हैं तथा आमजन की सहभागिता से एंटी लार्वल एवं सोर्स रिडक्शन गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

डॉ. परमार ने बताया कि अभियान के दौरान आशा, एएनएम, एलएचवी, पीएचएन, हेल्थ मैनेजर एवं सीएचओ की पर्यवेक्षकीय टीमों के नेतृत्व में स्वास्थ्य दल घर-घर सर्वे कर रहे हैं। सर्वे के दौरान बुखार से पीड़ित लोगों की पहचान की जाएगी और मलेरिया की जांच के लिए रक्त पट्टिका बनाई जाएगी, ताकि बीमारी की समय पर पुष्टि कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जा सके। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिले में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। नगर निगम, नगरपालिकाओं एवं पंचायती राज संस्थाओं के सहयोग से नालियों की साफ-सफाई, गंदे पानी के स्रोतों में एमएलओ का छिड़काव, जलभराव वाले स्थानों की सफाई तथा शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग सहित आवश्यक मच्छररोधी गतिविधियां की जाएंगी। शहरी क्षेत्रों में नगर निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत पब्लिक हेल्थ मैनेजर के समन्वय से अभियान की गतिविधियों को संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान सोर्स रिडक्शन, एंटी लार्वल, एंटी एडल्ट एवं आईईसी गतिविधियों की ऑनलाइन निगरानी मरुधरा ऐप के माध्यम से की जाएगी। जिन घरों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में मच्छरों का लार्वा पाया जाएगा, वहां नियमानुसार नोटिस एवं चालान की कार्रवाई भी की जाएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे स्वास्थ्य दलों का सहयोग करें और घरों तथा आसपास पानी का ठहराव नहीं होने दें। कूलर, पानी की टंकियों, गमलों, पुराने टायरों एवं अन्य जल संग्रहण स्थलों की नियमित सफाई करें। प्रत्येक सप्ताह एक दिन 'ड्राई डे' मनाकर घर एवं आसपास जमा पानी को खाली करें, ताकि मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके। विभाग ने यह भी अपील की है कि बुखार आने पर स्वयं दवा लेने के बजाय नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करवाएं। आमजन की सक्रिय सहभागिता और स्वास्थ्य विभाग की मच्छररोधी गतिविधियों के माध्यम से डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों की रोकथाम को प्रभावी बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## नशा तस्कर का एक करोड़ का मकान फ्रीज

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**हनुमानगढ़।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत हनुमानगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नशा तस्कर सलमान खान का करीब एक करोड़ रुपये मूल्य का 360 वर्गगज का रिहायशी मकान फ्रीज किया है। कार्रवाई एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68एफ के तहत की गई।

पुलिस के अनुसार सलमान खान के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तीन मामलों सहित चोरी और आर्म्स एक्ट का एक-एक मामला दर्ज है। वित्तीय जांच में सामने आया कि उसके पास संपत्ति अर्जित करने का कोई वैध आय स्रोत नहीं था और उसने नशा तस्करी से अर्जित धन से मकान बनाया था। टिब्बी थानाधिकारी राकेश सांखला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार को कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार एसपी बी. आदित्य के कार्यकाल में ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत संपत्ति फ्रीज करने की यह आठवीं कार्रवाई है। अब तक करीब 11 से 12 करोड़ रुपये मूल्य की तस्करों की संपत्तियां फ्रीज की जा चुकी हैं। पुलिस ने बताया कि नशे के कारोबार से अर्जित अवैध संपत्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## 'सृजन-2026' में युवाओं को शिक्षा और करियर की नई दिशा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**ब्यावर।** दमामी समाज की 'पधारो म्हारे देश' सामाजिक विकास संस्था की ओर से बर स्थित श्री खाखी रिसोर्ट में राज्यस्तरीय 'सृजन-2026' शैक्षणिक एवं करियर संगोष्ठी और प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 500 से अधिक विद्यार्थी एवं युवा शामिल हुए। संगोष्ठी में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं, करियर विकल्प, लक्ष्य निर्धारण और व्यक्तित्व विकास के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। मुख्य वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर राजवीर सिंह चलकोई ने युवाओं को स्पष्ट लक्ष्य, सकारात्मक सोच, अनुशासन और निरंतर मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सोजत विधायक शोभा चौहान, बयाना विधायक ऋतु बनावत, पूर्व मुख्य सचिव नीरंजन आर्य, आरपीएससी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. ललित के. पंवार सहित विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ एवं गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। खेल, साहित्य, कला, संगीत, राजकीय सेवाओं और सामाजिक क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी आयोजन में उत्साह बढ़ाया। संत सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। संस्था ने बताया कि 'सृजन' का उद्देश्य समाज की युवा प्रतिभाओं को मार्गदर्शन और आगे बढ़ने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है।

## जमीन पंजीकरण के लिए 14 हजार की रिश्वत लेते राजस्व निरीक्षक और ग्राम पंचायत अधिकारी गिरफ्तार



**यादाद्रि भुवनगिरि@पदमावत मीडिया।** तेलंगाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने रिश्वतखोरी के मामले में अलैर मंडल के राजस्व निरीक्षक और कोलानुपाका गांव के ग्राम पंचायत अधिकारी को गिरफ्तार किया है। दोनों पर जमीन पंजीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए 14 हजार रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने का आरोप है।

एसीबी के अनुसार राजस्व निरीक्षक वेमुगंती पूर्णचंदर राव ने तहसीलदार को रिपोर्ट भेजने के बदले रिश्वत मांगी थी। यह राशि ग्राम पंचायत अधिकारी शेख अहमद के माध्यम से स्वीकार की गई। एसीबी ने 14 हजार रुपये की रिश्वत ग्राम पंचायत अधिकारी के कब्जे से बरामद की।

दोनों आरोपियों पर सरकारी पद का अनुचित लाभ लेने और कर्तव्य का बेईमानी से निर्वहन करने का आरोप है। कार्रवाई के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत के लिए नामपल्ली स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एवं विशेष पुलिस प्रतिष्ठान मामलों की प्रथम अतिरिक्त विशेष अदालत के समक्ष पेश किया जा रहा है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## नायगांव में 1.24 लाख का प्रतिबंधित गुटखा-तंबाकू जब्त



**नांदेड@पदमावत मीडिया।** प्रतिबंधित गुटखा और तंबाकूजन्य पदार्थों के खिलाफ अभियान के तहत नायगांव पुलिस ने रातोळी गांव में कार्रवाई कर 1 लाख 24 हजार 840 रुपये का प्रतिबंधित माल जब्त किया। मामले में एक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार सूचना पर पुलिस निरीक्षक अमोल भगत के नेतृत्व में टीम ने रातोळी निवासी निळकंठ भुजंगराव पाटील (60) के घर छापा मारा। तलाशी में सागर पान मसाला, एसआर-1 सुगंधित तंबाकू, केसरयुक्त विमल पान मसाला, वी-1 तंबाकू, मुसाफिर पान मसाला और एम-4 रॉयल जाफराबादी जर्दा सहित विभिन्न प्रतिबंधित तंबाकूजन्य पदार्थ बरामद हुए। पुलिस ने कुल 1,24,840 रुपये का माल जब्त कर आरोपी के खिलाफ नायगांव थाने में अपराध क्रमांक 189/2026 दर्ज किया है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम सहित संबंधित धाराओं के तहत मामले की जांच जारी है। इस कार्रवाई में पुलिस उपनिरीक्षक गजानन तोटेवाड सहित पुलिस टीम की भूमिका रही।

## ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण कर सड़क सुरक्षा उपायों के दिए निर्देश



**सलूंबर@पदमावत मीडिया।** जिला कलक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. ने सोमवार को कलुथड़ा एवं जैताणा क्षेत्र में चिन्हित ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों की स्थिति का जायजा लेकर अधिकारियों से सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और यातायात व्यवस्था की जानकारी ली। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों को ब्लैक स्पॉट पर संकेतक, साइनेज, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर और अन्य आवश्यक सुरक्षा उपाय प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों की नियमित निगरानी की जाए और आवश्यकता के अनुसार तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए।

उन्होंने वाहन चालकों को सावधान करने के लिए चेतावनी संकेत लगाने तथा आमजन में यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस एवं प्रशासन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# चतरा में नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 9.15 किलो गांजा और शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com






**चतरा।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चतरा पुलिस ने हंटरगंज थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 9.15 किलोग्राम गांजा, 11 बोतल अंग्रेजी शराब तथा घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। कार्रवाई के बाद हंटरगंज थाना में एनडीपीएस एक्ट एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार 23 अगस्त को पुलिस अधीक्षक, चतरा को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतापपुर गोड़ के पास रोहित कुमार कार में अवैध गांजा लेकर आया है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने भोंदल स्थित प्रतापपुर मोड़ के पास हुंडई कार क्रमांक JH01AU-5388 को खड़ा पाया। विधिवत तलाशी लेने पर कार की डिक्की में दो सफेद प्लास्टिक बोरों में गांजा बरामद हुआ। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन करने पर गांजा क्रमशः 6.800 किलोग्राम और 2 किलोग्राम, कुल 8.800 किलोग्राम पाया गया।

इसके बाद पुलिस ने संबंधित ठिकाने पर तलाशी ली, जहां से OLD HABBIT ब्रांड की 750 एमएल क्षमता वाली अंग्रेजी शराब की 11 बोतलें बरामद की गईं। पुलिस ने मौके से रोहित कुमार, उम्र करीब 23 वर्ष, निवासी भोन्दल, थाना हंटरगंज, जिला चतरा को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार पूछताछ के आधार पर मामले में संलिप्त बताए गए एक अन्य व्यक्ति पवन कुमार को हंटरगंज बाजार से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 350 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इस तरह दोनों आरोपियों से कुल 9.150 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।

गिरफ्तार आरोपी रोहित कुमार, पिता शिवरतन साव, निवासी भोन्दल, थाना हंटरगंज, जिला चतरा तथा पवन कुमार, पिता ललन प्रसाद, निवासी हंटरगंज बाजार, थाना हंटरगंज, जिला चतरा हैं।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान कुल 9.15 किलोग्राम गांजा, अंग्रेजी शराब की 11 बोतलें और गांजा परिवहन में प्रयुक्त हुंडई कार क्रमांक JH01AU-5388 जब्त की है। मामले में हंटरगंज थाना कांड संख्या 141/26, दिनांक 23 अगस्त 2026 को धारा 20 एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी जारी है। इस कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक विपीन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक नितेश कुमार प्रसाद, पुलिस अवर निरीक्षक नवीनचन्द्र सिंह, सहायक अवर निरीक्षक सुनील कुमार दुबे तथा हंटरगंज थाना सशस्त्र बल शामिल रहे।

## नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने आईटीआई खोलड़ी का किया निरीक्षण



**सलूंबर@पदमावत मीडिया।** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी मुहम्मद जुनेद पी.पी. ने सोमवार को आईटीआई खोलड़ी का निरीक्षण कर निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ईवीएम स्ट्रांग रूम, सुरक्षा व्यवस्था सहित निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप पूरी तरह पुख्ता रखी जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आईटीआई परिसर में निर्वाचन सामग्री के सुरक्षित रख-रखाव, मतदान दलों की आवाजाही, सुरक्षा व्यवस्था तथा चुनाव से संबंधित अन्य तैयारियों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी की जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े प्रत्येक कार्य में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित प्रोटोकॉल की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए चुनावी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करें, ताकि मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला, ईआरओ जगदीश चंद्र बामणिया सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को नगरीय निकाय चुनाव को लेकर अब तक की गई तैयारियों एवं विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी।

## खबर संक्षिप्त

### उचित मूल्य दुकानों में अनियमितता, व्यवस्थापक के लाइसेंस निलंबित

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** लैम्पस देबारी द्वारा 475.78 क्विंटल गेहूं की चोरी की रिपोर्ट के बाद जांच में उचित मूल्य दुकानों के वितरण में व्यापक अनियमितताएं सामने आईं। इसके बाद जिला रसद विभाग ने कार्रवाई करते हुए व्यवस्थापक मांगीलाल व्यास के विभिन्न लाइसेंस अग्रिम आदेश तक निलंबित कर दिए। जिला रसद अधिकारी मणि खींची ने बताया कि लैम्पस देबारी की देबारी, भल्लों का गुड़ा, भैंसराकला एवं भैंसराखुर्द तथा लैम्पस लकड़वास की चांसदा, झामर कोटड़ा, धामधर एवं लकड़वास स्थित उचित मूल्य दुकानों की जांच में अनियमितताएं मिली थीं। जांच रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

### निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान पहली प्राथमिकता : संभागीय आयुक्त खजान सिंह



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी खजान सिंह ने सोमवार को उदयपुर संभागीय आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि संभाग के सभी जिलों में त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाएगा। पदभार ग्रहण के अवसर पर जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त सी.आर. देवासी सहित अन्य अधिकारियों ने उनसे शिष्टाचार भेंट की।

### खेलो इंडिया अस्मिता महिला सॉफ्ट टेनिस लीग संपन्न



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** महाराणा प्रताप खेल गांव में जिला स्तरीय खेलो इंडिया अस्मिता महिला सॉफ्ट टेनिस लीग का आयोजन हुआ। राजस्थान सॉफ्ट टेनिस संघ एवं उदयपुर जिला सॉफ्ट टेनिस संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में करीब 150 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर-15 वर्ग में तहरीम अमर प्रथम, अनुष्का सोलंकी द्वितीय तथा मन्नत स्वामी व रक्षा वैष्णव तृतीय रहीं। अंडर-18 में दृष्टि श्रीमाली प्रथम, हर्षिका जोशी द्वितीय तथा प्रावी जोशी व अक्षया राठौड़ तृतीय रहीं। वरिष्ठ वर्ग में खनक धाबाई प्रथम, सोनू मीणा द्वितीय तथा प्रीति मीणा व चार्वी सेन तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। चयनित खिलाड़ियों को आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### अंतरराष्ट्रीय लेक्रोज प्रतियोगिता में राजस्थान के 15 खिलाड़ी भारतीय टीम में चयनित



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** कुआलालंपुर, मलेशिया में 28 से 30 अगस्त तक होने वाली साउथ ईस्टर्न एशियन लेक्रोज गेम्स के लिए राजस्थान के 15 खिलाड़ियों का भारतीय महिला एवं पुरुष टीम में चयन हुआ है। इससे उदयपुर संभाग और जनजातीय क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। महिला टीम में उदयपुर की सुनीता मीणा, डाली गमेती, यशिष्ठा बत्रा, यशोदा गमेती, जुला कुमारी गुर्जर, मीरा दौजा, विशाखा मेघवाल, रोशनी बोस एवं जानवी राठौड़ तथा पुरुष टीम में मोहनलाल गमेती, खुमाराम गमेती, दयाशंकर गमेती, नारायण लाल गमेती, निशांत नागदा एवं नागौर के शाहिद खान का चयन हुआ है। सभी खिलाड़ी प्रशिक्षक नीरज बत्रा के मार्गदर्शन में मलेशिया के लिए रवाना हुए। खेल प्रेमियों, जनप्रतिनिधियों एवं खेल जगत से जुड़े लोगों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए देश के लिए बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

### जयपुर में अस्थाई अतिक्रमण पर कार्रवाई, 9 केन्टर सामान जब्त



**जयपुर@पदमावत मीडिया।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 9 केन्टर सामान जब्त किया। कार्रवाई के दौरान 1,500 रुपये कैरिंग चार्ज भी वसूल किया गया।
उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में किसान भवन लालकोठी सब्जी मंडी, दुर्गापुरा पुलिया, आरयूएसएच गेट नंबर-3, द्वारकापुरी सर्किल, 7 नंबर बस स्टैंड, पटेल मार्ग, मानसरोवर सहित विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की गई। जब्त सामान को निगम के गोदाम में भिजवाया गया। सतर्कता टीम ने अतिक्रमण करने वालों को भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण नहीं करने की समझाइश दी। निगम ने चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर भारी चालान सहित प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

# 'मैं भारत हूं' गीत के साथ गूंजी मतदान की अपील, बाइक रैली और पोस्टर अभियान से दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**सलूंबर।** नगर परिषद सलूंबर नगरीय निकाय चुनाव-2026 के तहत मतदाता जागरूकता और लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता बाइक रैली एवं शैक्षणिक संस्थानों में पोस्टर निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद के निर्देशन तथा रिटर्निंग अधिकारी जगदीश चन्द्र बामनिया, जिला स्वीप अधिकारी रामावतार यादव और नगर परिषद आयुक्त अभिषेक शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इन गतिविधियों में अधिकारी-कर्मचारियों, शिक्षकों, निर्वाचन कार्मिकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा आमजन को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

**'मैं भारत हूं' गीत के साथ निकली बाइक रैली**

प्रातः 11:30 बजे पी.एम. श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलूंबर से मतदाता जागरूकता बाइक रैली का शुभारंभ हुआ। जिला स्वीप अधिकारी रामावतार यादव ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, निर्वाचन कार्मिक एवं विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। रैली के दौरान 'मैं भारत हूं' गीत के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों, मतदान के महत्व और नागरिक कर्तव्य का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने मतदाता जागरूकता से जुड़े नारों और संदेशों के माध्यम से नागरिकों से आगामी नगर परिषद चुनाव में अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने का आह्वान किया।

बाइक रैली पी.एम. श्री विद्यालय से रवाना होकर चूंगी नाका, मुख्य बस स्टैंड, गांधी चौक, खटिकवाड़ा, पुलिस चौकी के बाहर का शहर, होली चौक, आजाद मोहल्ला, रावली पोल, सेरिंग तालाब की पाल, माना की सैर सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और स्थानों से होकर गुजरी। रैली का समापन पुनः पी.एम. श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ।

**अधिकारी-कर्मचारियों से लेकर शिक्षकों तक ने लिया हिस्सा**

मतदाता जागरूकता बाइक रैली में जिला मुख्यालय एवं नगर परिषद क्षेत्र सलूंबर के विभिन्न राजकीय एवं निजी संस्थानों तथा कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कार्मिक, पंचायत समिति और नगर परिषद के कर्मचारी, निर्वाचन कार्य से जुड़े सुपरवाइजर एवं प्रगणक तथा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की।

प्रतिभागियों ने रैली के माध्यम से मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में सक्रिय भागीदारी निभाने, बिना किसी भय या प्रलोभन के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने तथा अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश दिया।

**मीनाक्षी कॉलेज में पोस्टर बनाकर विद्यार्थियों ने दिया मतदान का संदेश**

स्वीप गतिविधियों के तहत मीनाक्षी कॉलेज, सलूंबर में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं संदेशपरक पोस्टर तैयार कर आगामी नगर परिषद चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। पोस्टरों के माध्यम से मतदान के महत्व, लोकतांत्रिक अधिकार और नागरिक जिम्मेदारी को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया गया।

विद्यार्थियों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से प्रत्येक पात्र मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की निदेशक मीना मसार, प्राचार्य डॉ. नीतू सोलंकी सहित समस्त स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने मतदाता जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने और अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

**'हर मतदाता की भागीदारी, लोकतंत्र की मजबूती' का संदेश**

स्वीप गतिविधियों के माध्यम से जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की कि नगर परिषद सलूंबर नगरीय निकाय चुनाव-2026 में प्रत्येक पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बने। बाइक रैली, गीत, नारों और पोस्टर निर्माण जैसी गतिविधियों के माध्यम से मतदान को केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति नागरिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने का संदेश दिया गया।

जिला प्रशासन की ओर से 'हर मतदाता की भागीदारी, लोकतंत्र की मजबूती' के संदेश के साथ शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगामी दिनों में भी विभिन्न स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर जारी रखने की बात कही गई।

## भूपालपुरा पुलिस ने 3.04 ग्राम एमडीएमए के साथ 22 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भूपालपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एमडीएमए के अवैध कब्जे और परिवहन के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 3.04 ग्राम अवैध एमडीएमए बरामद किया है। मामले में एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।
पुलिस के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा तथा नगर पूर्व वृत्ताधिकारी छवि शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में भूपालपुरा थानाधिकारी रतन सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।
पुलिस टीम ने पुराने पासपोर्ट कार्यालय के पीछे आयड़ नदी के पेटे में कार्रवाई करते हुए एक युवक को पकड़ा। पूछताछ और तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 3.04 ग्राम अवैध एमडीएमए बरामद हुआ। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।
गिरफ्तार आरोपी की पहचान साहिल उर्फ मोहम्मद अमान पुत्र मोहम्मद खालिद उर्फ बबलू, उम्र 22 वर्ष, निवासी गली नंबर 02, लोहार कॉलोनी, आयड़, थाना भूपालपुरा, जिला उदयपुर के रूप में हुई है।
पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी के पास मादक पदार्थ कहां से आया और इसकी आपूर्ति से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका क्या है। इस कार्रवाई में भूपालपुरा थानाधिकारी रतन सिंह चौहान के साथ उमेशचंद्र सनाढ्य, हेड कांस्टेबल भंवरलाल तथा कांस्टेबल देवीलाल और दिनेश जोशी शामिल रहे।

## जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा समिति की बैठक आयोजित



**सलूंबर@पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर मोहम्मद जुनैद पी.पी. की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें बैंकिंग गतिविधियों, ऋण-जमा अनुपात और प्राथमिकता क्षेत्र में ऋण वितरण की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बैंकों को ऋण-जमा अनुपात में सुधार तथा कृषि, उद्योग, महिला उद्यमिता, शिक्षा एवं स्वरोजगार के लिए लक्ष्यानुसार ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और छोटे उद्यमियों को वित्तीय सहायता देने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि पात्र ऋण आवेदनों का संवेदनशीलता के साथ बिना अनावश्यक विलंब के शीघ्र निस्तारण किया जाए। लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर संबंधित विभागों से समन्वय रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## 'प्रतिभा' कार्यक्रम के क्रियान्वयन को लेकर ब्लॉक स्तर पर बैठकें



**सलूंबर@पदमावत मीडिया।** जिले में खेल प्रतिभाओं की पहचान और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किए गए 'प्रतिभा' कार्यक्रम को लेकर जयसमंद, सराड़ा एवं सेमारी में ब्लॉक स्तरीय बैठकें आयोजित की गईं। जिला खेल अधिकारी अशोक चौधरी एवं संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों ने कार्यक्रम की प्रक्रिया, पात्रता एवं प्रतिभाओं के चयन की जानकारी दी। साथ ही बैटरी टेस्ट की प्रक्रिया का प्रदर्शन कर पीईईओ को विद्यार्थियों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठकों में विद्यालय स्तर पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को चिन्हित करने, समयबद्ध तरीके से चयन प्रक्रिया पूरी करने और नियमित मॉनिटरिंग पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

## पई के मुआल फला में महिला जागरूकता बैठक, महिलाओं को कानूनी अधिकारों की दी जानकारी




**नाई@पदमावत मीडिया।** महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र थाना नाई एवं जतन संस्था के तत्वावधान में ग्राम पंचायत पई के मुआल फला में महिला जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण महिलाओं को महिला हिंसा, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 तथा भारतीय न्याय संहिता के तहत प्राप्त कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई।
बैठक में अनिता प्रजापत ने महिलाओं को महिला हिंसा एवं घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 181 और 112 की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न को सहन नहीं करें और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता लें।
उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही निःशुल्क कानूनी सहायता एवं मार्गदर्शन के लिए महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र से संपर्क करने की अपील की। बैठक में पई ग्राम की साथिन भवरी, आदिवासी जागृति संगठन के सोहन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। बैठक का उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और उपलब्ध सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें सुरक्षित एवं सशक्त बनाना रहा।

## अरावली क्षेत्र में जनजातीय आजीविका का अध्ययन करने पहुंचा राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का दल



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** अरावली क्षेत्र की जनजातीय आबादी की आजीविका और अरावली की परिभाषा एवं सीमांकन के संभावित प्रभावों का अध्ययन करने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का तीन सदस्यीय दल उदयपुर पहुंचा। दल ने गिर्वा क्षेत्र के उमरड़ा, झामर कोटड़ा सहित विभिन्न जनजातीय गांवों में ग्रामीणों से संवाद किया। ग्रामीणों ने आयोग के दल को स्थानीय समस्याओं, आवश्यकताओं और सुझावों से अवगत कराया। दल ने अरावली क्षेत्र पर उनकी आजीविका की निर्भरता तथा संभावित प्रभावों से संबंधित जानकारी जुटाई। इसके बाद सर्किट हाउस में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विभागवार चर्चा की गई। अधिकारियों ने जनजातीय क्षेत्रों में संचालित योजनाओं और कार्यों की जानकारी दी। आयोग का दल मंगलवार को ऋषभदेव क्षेत्र के जनजातीय अंचलों का दौरा करेगा। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद कर अरावली क्षेत्र से जुड़ी आजीविका और संभावित प्रभावों के संबंध में फीडबैक लिया जाएगा। आयोग ने जनजातीय समुदाय से संबंधित शिकायतें एवं सुझाव लिखित रूप में भेजने की अपील भी की है।

## नगरपालिका चुनाव की तैयारियों का जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया जायजा



**जयपुर@पदमावत मीडिया।** नगरपालिका आम चुनाव-2026 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर संदेश नायक ने सोमवार को जमवारामगढ़ क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने नाम निर्देशन कक्ष, ईवीएम संग्रहण स्थल एवं मतदान दलों के प्रशिक्षण स्थल का जायजा लिया। कलक्टर ने अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने, कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# आगामी त्योहारों पर शांति व्यवस्था को लेकर बैठक



**भीलवाड़ा@पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में बारावफात, कृष्ण जन्माष्टमी और अनंत चतुर्दशी सहित आगामी त्योहारों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने सभी समुदायों से आपसी सौहार्द के साथ पारंपरिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने नगरीय निकाय चुनाव की आदर्श आचार संहिता का पूर्ण पालन करने के निर्देश दिए। नगर निकाय अधिकारियों को साफ-सफाई, प्रकाश एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने जुलूस मार्गों और आयोजन स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं करने तथा निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आपत्तिजनक नारों एवं गतिविधियों पर रोक रखने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिभा देवटिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य, नगर निगम आयुक्त कमल सिंह यादव, यूआईटी ओएसडी पुनीत गेलरा सहित अधिकारी एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जीवन कुंडू हत्याकांड में तीन फरार आरोपी गुजरात से गिरफ्तार, 50 हजार का इनामी मुख्य आरोपी भी पकड़ा

HARYANA POLICE

**चंडीगढ़@पदमावत मीडिया।** हरियाणा पुलिस ने जीवन कुंडू हत्याकांड में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गुजरात के जूनागढ़ से गिरफ्तार किया है। इनमें 50 हजार रुपये का इनामी मुख्य आरोपी रमेश शर्मा भी शामिल है। पुलिस के अनुसार 4 अगस्त 2026 को हिसार के सूर्यनगर निवासी जीवन कुंडू की 10-12 लोगों ने मारपीट कर हत्या कर दी थी। मामले में थाना एचटीएम, हिसार में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। घटना के बाद मुख्य आरोपी रमेश शर्मा, विशाल उर्फ बाबा और सौरभ उर्फ मोल्ड फरार चल रहे थे। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हरियाणा पुलिस ने तकनीकी निगरानी और मानव सूचना तंत्र के आधार पर अभियान चलाया। विश्वसनीय सूचना मिलने पर हिसार पुलिस और एसटीएफ की टीम ने जूनागढ़ में कार्रवाई कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हिसार में विरोध प्रदर्शन भी हुए थे। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों से मामले में आगे पूछताछ और कानूनी कार्रवाई जारी है। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने कार्रवाई में शामिल हिसार पुलिस और एसटीएफ टीम को बधाई देते हुए कहा कि गंभीर अपराधों में शामिल फरार आरोपियों को किसी भी स्थिति में कानून से बचने नहीं दिया जाएगा।

## शाहपुरा में निकाय चुनाव तैयारियों का जिला कलक्टर ने लिया जायजा



**जयपुर@पदमावत मीडिया।** जिला कलक्टर संदेश नायक ने सोमवार को शाहपुरा उपखंड क्षेत्र का दौरा कर नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने क्रिटिकल बूथों की जानकारी ली और नाम निर्देशन के लिए चिन्हित कक्षों का निरीक्षण किया। शाहपुरा एवं मनोहरपुर में स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्षों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति और प्रशिक्षण संबंधी व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी और चुनाव शाखा के कार्मिक मौजूद रहे।

# खबर संक्षिप्त

## राज्य स्तरीय चित्रकला में हिमांशी मकवाना प्रथम

**प्रतापगढ़@पदमावत मीडिया।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की राज्य स्तरीय सृजनात्मक प्रतियोगिता में अरनोद की छात्रा हिमांशी मकवाना ने चित्रकला स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। उन्होंने 'नशे को ना, जिंदगी को हां' विषय पर चित्र बनाकर यह उपलब्धि हासिल की। हिमांशी को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और 11 हजार रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। इससे पहले भी वह राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी हैं। वर्ष 2026 की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में हिमांशी ने 98.17 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रतापगढ़ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

## चुनाव कार्यों के लिए तीन भवन अधिग्रहित

**बांसवाड़ा@पदमावत मीडिया।** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के तहत ईवीएम कमीशनिंग, सुरक्षित भंडारण, मतदान दलों के प्रशिक्षण, रवानगी और वापसी तथा मतगणना सहित अन्य चुनाव कार्यों के लिए बांसवाड़ा में विभिन्न भवनों को अधिग्रहित किया गया है। सूचना केंद्र बांसवाड़ा भवन को ईवीएम कमीशनिंग, सुरक्षित भंडारण, मतदान दलों की रवानगी एवं वापसी तथा मतगणना कार्य के लिए तत्काल प्रभाव से अधिग्रहित किया गया है। वहीं कलेक्ट्रेट परिसर स्थित न्यू टीएडी सभागार को 31 अगस्त से 2 सितंबर तक प्रशिक्षण कार्य के लिए अधिग्रहित किया गया है। इसी प्रकार 7 से 11 सितंबर तक मतदान दलों के प्रशिक्षण, रवानगी एवं वापसी सहित चुनाव संबंधी कार्यों के लिए हरिदेव जोशी रंगमंच हॉल तथा कुशलबाग मैदान को अधिग्रहित किया गया है।

## अस्पतालों में डिजिटल हो रहा मरीजों का मेडिकल रिकॉर्ड

**बांसवाड़ा@पदमावत मीडिया।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत जिले के सरकारी अस्पतालों में मरीजों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से सुरक्षित करने का कार्य शुरू किया गया है। इसके लिए आभा आईडी महत्वपूर्ण होगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भरतराम मीणा ने बताया कि आभा आईडी के माध्यम से मरीज के उपचार, जांच और स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेंगे। भविष्य में मरीज की सहमति से चिकित्सक उसके पुराने स्वास्थ्य रिकॉर्ड देख सकेंगे, जिससे उपचार में सुविधा होगी। आभा आईडी नहीं होने पर आमजन नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अथवा घर बैठे आरोग्य सेतु-2 एप के माध्यम से इसे बनवा सकते हैं। उपचार के दौरान जनआधार नंबर उपलब्ध कराने से भी आभा आईडी संबंधी प्रक्रिया में सुविधा मिलेगी। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. राहुल डिंडोर ने बताया कि आभा यानी आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट एक डिजिटल स्वास्थ्य पहचान है। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड को सुरक्षित रख सकता है और आवश्यकता पड़ने पर मरीज की सहमति से चिकित्सक पूर्व उपचार संबंधी जानकारी देख सकते हैं।

## सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**जयपुर@पदमावत मीडिया।** राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा-2025 (सांख्यिकी विभाग) का आयोजन जयपुर जिले में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर 30 अगस्त, 2026 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा समन्वयक नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिए जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर द्वारा कलेक्ट्रेट, जयपुर के कक्ष संख्या 116 में जिला स्तरीय परीक्षा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष 29 अगस्त, 2026 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक तथा 30 अगस्त, 2026 को प्रातः 9:00 बजे से परीक्षा समाप्ति तक कार्यरत रहेगा। परीक्षा से संबंधित आवश्यक समन्वय एवं व्यवस्थाओं के लिए नियंत्रण कक्ष में अधिकारियों एवं कार्मिकों की नियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 0141-2206699 है।

## नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान दलों का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न

**डूंगरपुर@पदमावत मीडिया।** नगर निकाय आम चुनाव-2026 के निष्पक्ष एवं पारदर्शी आयोजन के लिए सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में मतदान दल कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया।



जिला निर्वाचन अधिकारी देशलदान के निर्देशन में निर्धारित प्रक्रिया के तहत नगर परिषद डूंगरपुर के 41 और नगरपालिका सागवाड़ा के 35 मतदान केंद्रों पर निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए मतदान दलों का गठन एवं प्रथम नियुक्ति आदेश जारी करने की प्रक्रिया पूरी की गई। इस अवसर पर मतदान दल गठन प्रभारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी डॉ. अभिषेक वछराजानी, संयुक्त निदेशक मुकेश कुमार वर्मा, उप निदेशक समीर मीणा, सहायक जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अजय सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# नगर निकाय चुनाव में साइबर ठगों से सावधान रहें, फर्जी वोटर लिंक और ओटीपी से हो सकती है ठगी

## राजस्थान पुलिस ने जारी की साइबर सुरक्षा एडवाइजरी, मतदाताओं, प्रत्याशियों और चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों को किया अलर्ट

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के आगामी आम चुनाव के दौरान साइबर ठग मतदाताओं, चुनाव प्रत्याशियों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं तथा चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को निशाना बनाकर साइबर ठगी और भ्रामक सूचनाओं का प्रसार कर सकते हैं। इसे देखते हुए पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार राजस्थान पुलिस ने साइबर सुरक्षा एडवाइजरी जारी कर आमजन से सतर्क रहने की अपील की है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाएं वी.के. सिंह ने बताया कि चुनाव के दौरान फर्जी लिंक, ओटीपी, क्यूआर कोड, फिशिंग ई-मेल तथा डीपफेक और फर्जी समाचारों के माध्यम से ठगी की आशंका रहती है। ऐसे में किसी भी संदिग्ध संदेश, लिंक या फोन कॉल पर बिना सत्यापन के भरोसा नहीं करने की सलाह दी गई है।

**वोटर लिस्ट में नाम देखने के नाम पर भेजे जा सकते हैं फर्जी लिंक**

साइबर ठग व्हाट्सऐप या एसएमएस के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में देखने, मतदान केंद्र बदलने या वोटर कार्ड अपडेट कराने जैसे संदेश भेजकर फर्जी लिंक पर क्लिक करा सकते हैं। राजस्थान पुलिस ने ऐसे किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी है। मतदाता सूची और मतदान संबंधी जानकारी के लिए केवल राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान और मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान की आधिकारिक वेबसाइट का उपयोग करने की अपील की गई है।

**ओटीपी और बैंक संबंधी जानकारी किसी से साझा नहीं करें**

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि चुनाव आयोग का अधिकारी बताकर फोन करने वाला व्यक्ति यदि वोटर कार्ड




अपडेट, सत्यापन या किसी चुनावी प्रक्रिया के नाम पर ओटीपी, बैंक विवरण अथवा यूपीआई पिन मांगता है तो ऐसी जानकारी बिल्कुल साझा नहीं करें। ओटीपी और यूपीआई पिन साझा करना साइबर ठगी का कारण बन सकता है।

**फर्जी वीडियो और डीपफेक से भी रहें सावधान**

चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर नेताओं के नाम से फर्जी वीडियो, ऑडियो, भाषण और डीपफेक सामग्री वायरल की जा सकती है। राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी वायरल सामग्री को आधिकारिक पुष्टि के बिना सच न मानें और उसकी सत्यता जांचे बिना आगे साझा न करें।

**प्रत्याशी और कार्यकर्ता सोशल मीडिया खाते सुरक्षित रखें**

चुनाव प्रत्याशियों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को अपने फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और व्हाट्सऐप खातों में टू-स्टेप वेरिफिकेशन सक्रिय रखने की सलाह दी गई है। मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने तथा अनजान लिंक के माध्यम से लॉगिन संबंधी जानकारी साझा नहीं करने को कहा गया है।

**चुनावी चंदे के नाम पर क्यूआर कोड से ठगी की आशंका**

पुलिस ने चुनावी चंदे और फंड जुटाने के नाम पर भेजे जाने वाले यूपीआई लिंक एवं क्यूआर कोड की जांच करने की सलाह दी है। किसी से पैसा प्राप्त करने के लिए यूपीआई पिन दर्ज करने की आवश्यकता नहीं होती। इसलिए क्यूआर कोड स्कैन करने या पिन डालने से पहले लेन-देन की पूरी जानकारी जांच लेना जरूरी है।

**व्हाट्सऐप ग्रुप एडमिन भी रहें सतर्क**

प्रचार और चुनाव संबंधी व्हाट्सऐप ग्रुप के एडमिन को भी सतर्क रहने की सलाह दी गई है। ग्रुप में केवल भरोसेमंद सदस्यों को संदेश पोस्ट करने की अनुमति देने तथा आवश्यकतानुसार केवल एडमिन द्वारा संदेश भेजने की सेटिंग का उपयोग करने से भ्रामक और आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार को रोका जा सकता है।

**चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिक निजी डिवाइस और सार्वजनिक वाई-फाई से बचें**

चुनाव ड्यूटी में तैनात कार्मिकों को चुनावी डेटा अथवा ईवीएम और वीवीपैट से संबंधित संवेदनशील जानकारी निजी उपकरणों या असुरक्षित सार्वजनिक वाई-फाई के माध्यम से साझा नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। अनजान ई-मेल आईडी से प्राप्त चुनाव संबंधी सर्कुलर, लिंक अथवा अटैचमेंट को बिना सत्यापन के नहीं खोलने की भी सलाह दी गई है।

**ठगी होते ही 1930 पर करें शिकायत**

राजस्थान पुलिस ने कहा है कि साइबर वित्तीय धोखाधड़ी होने पर समय गंवाए बिना 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं। इसके साथ ही नजदीकी पुलिस थाने या साइबर पुलिस थाने में शिकायत की जा सकती है। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। राजस्थान में साइबर हेल्पडेस्क के 9256001930 एवं 9257510100 नंबरों पर भी सूचना दी जा सकती है। राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि चुनाव संबंधी किसी भी सूचना पर विश्वास करने से पहले उसके स्रोत की पुष्टि करें। सतर्कता ही साइबर ठगी से बचाव का सबसे मजबूत उपाय है। चुनाव के दौरान मतदाता, प्रत्याशी, कार्यकर्ता और चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिक विशेष सावधानी बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल पुलिस को सूचना दें।

## प्रवासी कुमावत क्षत्रिय समिति का स्नेह मिलन समारोह संपन्न



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** प्रवासी कुमावत क्षत्रिय समिति की ओर से रविवार को बड़बड़ेश्वर महादेव प्रांगण में वार्षिक सामूहिक स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति संरक्षक परमेश्वर लाल मंडावरा एवं गुलाब कुमावत ने दीप प्रज्वलन कर किया। समारोह में बच्चों, युवाओं और महिलाओं के लिए विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समिति अध्यक्ष हरीश आसीवाल ने कहा कि समाजजनों की बड़ी संख्या में सहभागिता से आयोजन सफल रहा और सामाजिक एकजुटता का संदेश मिला। महामंत्री मोहन लाड़नवा ने कार्यक्रम की जानकारी दी। समापन पर कोषाध्यक्ष शिव बक्स निमिवाल ने सभी समाजजनों एवं शिवभक्तों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बी.डी. कुमावत, देवी प्रसाद कुमावत, जितेंद्र सिंह आर्य सहित समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे।

## नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव




**मायाबंदर@पदमावत मीडिया।** माई भारत के सहयोग से महात्मा गांधी कॉलेज, मायाबंदर में 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा।

मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट एस. कृष्ण चैतन्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला युवा अधिकारी दीपक कुमार ने प्रतियोगिता की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने युवाओं को नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए नशे के दुरुपयोग की रोकथाम में आईसीआरए और मानस हेल्पलाइन की भूमिका की जानकारी दी।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने चित्रकला, संगीत, नृत्य, नारा लेखन और रील निर्माण सहित विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेताओं को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

## दैनिक जीवन में गिरने से बचाव के बताए उपाय




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ, विज्ञान समिति उदयपुर के तत्वावधान में डॉ. टीना चौहान ने 'दैनिक जीवन में गिरने से कैसे बचें' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि मस्तिष्क और मांसपेशियों के बेहतर समन्वय से गिरने की घटनाओं से बचा जा सकता है। डॉ. चौहान ने वरिष्ठ नागरिकों में उम्र के साथ कमजोर होती अस्थियों को देखते हुए गिरने के संभावित कारणों और चेतावनी संकेतों की जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न व्यायामों का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों से अभ्यास भी करवाया। स्लाइड और वीडियो के माध्यम से दी गई प्रस्तुति की उपस्थित सदस्यों ने सराहना की। मीडिया प्रभारी प्रो. विमल शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के गिरने से केवल अस्थि-भंग ही नहीं, बल्कि शारीरिक क्षमता में कमी, आत्मनिर्भरता में कमी और मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम दुर्घटनाओं की रोकथाम के साथ जीवन-गुणवत्ता बनाए रखने में महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजी. आर.के. चतुर ने की। संयोजक मुनीश गोयल ने वक्ता का स्वागत किया और डॉ. के.पी. तलेसरा ने परिचय दिया। संचालन महासचिव डॉ. रूप किशोर गर्ग ने किया। कार्यक्रम में 35 से अधिक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। धन्यवाद संदेश कुलप्रमुख डॉ. के.एल. कोठारी ने दिया।

## हर घर जल योजना की जिला कलक्टर ने की समीक्षा

**सलूंबर@पदमावत मीडिया।** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की मासिक बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर मुहम्मद जुनेद पी.पी. की अध्यक्षता में हुई।



बैठक में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल योजनाओं, हर घर जल प्रमाणीकरण और ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति की स्थिति की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखते हुए योजनाओं को समय पर पूरा करने और प्रत्येक पात्र परिवार को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने हर घर जल प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से पूरा करने तथा योजनाओं की नियमित निगरानी पर जोर दिया। बैठक में जल स्रोतों के संरक्षण, आरपीडब्ल्यूएसएस आईडी, जिला स्रोत सतत विकास कार्य योजना तथा जल सेवा आकलन पर भी चर्चा हुई। विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य केंद्रों में सुरक्षित एवं नियमित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ लंबित कार्यों का समयबद्ध समाधान करने को कहा।

## जीवों के प्रति करुणा रखें, छल-कपट के अंधकार से निकलें : साध्वीश्री मंजुल ज्योति



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** उपनगरीय क्षेत्र स्थित श्री वर्धमान पुष्कर गुरु ध्यान केंद्र, दूधिया गणेशजी में सोमवार को दैनिक प्रवचन का शुभारंभ साध्वीश्री वंदिता म.सा. एवं साध्वीश्री डॉ. वारिधि म.सा. के भक्ति गीत से हुआ।

उपप्रवर्तिनी महासती साध्वीश्री मंजुल ज्योति म.सा. ने कहा कि व्यक्ति का बाहरी और आंतरिक व्यक्तित्व उसकी मुस्कराहट से भी झलकता है। मुस्कराहट ऐसी शक्ति है, जिससे कई समस्याओं का समाधान सहजता से किया जा सकता है। उन्होंने पूर्णिया श्रावक की कथा के माध्यम से जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझाया। उन्होंने मादक पदार्थों के बढ़ते प्रचलन पर चिंता जताते हुए कहा कि चेतावनियों के बावजूद लोग इनके मोह में फंस रहे हैं। उन्होंने जीव हत्या जैसे जघन्य अपराधों से बचने, सभी जीवों के प्रति करुणा रखने और उन्हें अभयदान देने की प्रेरणा दी। साध्वीश्री वंदिता म.सा. ने कहा कि मनुष्य को अज्ञान, छल-कपट और भ्रम के अंधकार से बाहर निकलकर सत्य एवं वास्तविकता के मार्ग पर चलना चाहिए। आत्मचिंतन और सही दृष्टिकोण से ही व्यक्ति जीवन की वास्तविकता को समझ सकता है।

## डॉ. मनीष तिवारी को मिला राजीव गांधी गौरव अवार्ड




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच की ओर से नई दिल्ली में आयोजित सद्भावना दिवस महोत्सव में वृक्षम अमृतम सेवा संस्थान, उदयपुर के कार्यकारी सदस्य डॉ. मनीष तिवारी को 'राजीव गांधी गौरव अवार्ड' से सम्मानित किया गया। वृक्षम अध्यक्ष डॉ. गोपेश शर्मा ने बताया कि डॉ. तिवारी को उनके रचनात्मक कार्यों, सामाजिक सेवाओं, सदाचारी जीवन एवं समाजहित में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।

मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि समारोह में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह, हरपाल रावत, विधायक चौधरी रोहताश बेदी, सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. ए.पी. सिंह, डॉ. एच.सी. गणेशिया, नेपाल के जगतगुरु शिव शक्ति बाबा तथा अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के संयोजक डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा सहित विभिन्न गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़ी खबर नहीं छापने के बदले 51 हजार की रिश्वत, पत्रकार गिरफ्तार

**नवसारी@पदमावत मीडिया।** गुजरात भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रिश्वतखोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक पत्रकार को 51 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सतशंकर रामचरित्र मिश्रा उर्फ मुन्नाभाई, पत्रकार, रुद्र संदेश प्रेस, नवसारी के रूप में हुई है। एसीबी के अनुसार शिकायतकर्ता के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों से संबंधित समाचार प्रकाशित किए गए थे।



आरोपी ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता के खिलाफ आगे समाचार प्रकाशित नहीं करने और मामला संभालने के बदले 51 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। शिकायतकर्ता ने एसीबी के टोल फ्री नंबर 1064 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के सत्यापन के बाद नवसारी एसीबी पुलिस थाने की टीम ने रिश्वत का जाल बिछाया। सोमवार को सरोवर काठियावाड़ी होटल, ग्रिड चार रास्ता, नवसारी में आरोपी ने 51 हजार रुपये की रिश्वत स्वीकार की, जिसके बाद एसीबी टीम ने उसे मौके पर पकड़ लिया। रिश्वत की पूरी रकम बरामद कर ली गई। कार्रवाई पुलिस निरीक्षक एन.बी. सोलंकी के नेतृत्व में नवसारी एसीबी पुलिस थाने की टीम एवं स्टाफ ने की। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# पवई में तड़ीपार आरोपी 55.1 ग्राम एमडी के साथ गिरफ्तार, 9.37 लाख रुपये का मुद्देमाल जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मुंबई।** पवई पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए तड़ीपार आरोपी को 55.1 ग्राम एमडी (मेफेड्रोन) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ के अलावा 47 हजार 850 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। जब्त किए गए कुल मुद्देमाल की कीमत करीब 9 लाख 37 हजार 850 रुपये बताई गई है।



पुलिस के अनुसार 23 अगस्त 2026 की सुबह करीब 5.30 बजे पवई पुलिस थाने की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस दल को पवई के मोरारजी नगर, मीठी नदी नाले के पास आरे रोड स्थित गुप्ता कॉर्नर के नजदीक संदिग्ध व्यक्ति के मौजूद होने की जानकारी मिली। पुलिस की नजर उस व्यक्ति पर पड़ी तो उसकी गतिविधियां संदिग्ध दिखाई दीं और वह आसपास किसी रास्ते की तलाश करता नजर आया। पुलिस दल ने संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपना नाम मुबारक मोमीन खान उर्फ लल्लू, उम्र 32 वर्ष, निवासी रूम नंबर 507, मोमीन चॉल, गुप्ता कॉर्नर के पास, मोरारजी नगर, मीठी नदी नाले के पास, आरे रोड, पवई, मुंबई बताया। पुलिस को उसके जवाब संतोषजनक नहीं लगे। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी देकर नियमानुसार उसकी तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान आरोपी के पास पारदर्शी प्लास्टिक की थैली में 55.1 ग्राम एमडी (मेफेड्रोन) बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 8 लाख 80 हजार रुपये बताई गई है। इसके अलावा 47 हजार 850 रुपये नकद और सैमसंग कंपनी का गैलेक्सी ए-14 मोबाइल फोन, जिसकी अनुमानित कीमत 10 हजार रुपये है, भी बरामद किया गया। इस प्रकार पुलिस ने कुल 9 लाख 37 हजार 850 रुपये का मुद्देमाल जब्त किया। मामले में पवई पुलिस थाने में अपराध क्रमांक 906/2026 के तहत एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8(क) सहपठित 22(क) तथा महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 142 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी के मोबाइल फोन का तकनीकी विश्लेषण शुरू कर दिया है, जिसके आधार पर मामले की आगे की जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी को मुंबई शहर और मुंबई उपनगर क्षेत्र से तड़ीपार किया गया था। उसके खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में पहले से 10 मामले दर्ज पाए गए हैं। इसके बावजूद वह प्रतिबंधित क्षेत्र में मौजूद मिला और उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में एमडी बरामद हुई।

यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में पवई पुलिस निरीक्षक संदीप चव्हाण, सहायक पुलिस निरीक्षक अन्ना ठोंबरे, पुलिस उपनिरीक्षक संदीप पाटील, पुलिस उपनिरीक्षक प्रकाश वाखारे तथा पुलिसकर्मियों की टीम ने की।

## दाऊदी बोहरा समाज ने हर्षोल्लास से मनाया ईद मिलादुन्नबी पर्व



**प्रतापगढ़@पदमावत मीडिया।** दाऊदी बोहरा समाज की ओर से ईद मिलादुन्नबी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह 9 बजे दरगाह काका साहब से विशाल जुलूस निकाला गया, जो महात्मा गांधी रोड, सूरजपोल, गांधी चौराहा, सदर बाजार, मानक चौक, झंडा गली और सालमपुरा होते हुए बोहरा गली स्थित बुरहानी मस्जिद पहुंचा।

जुलूस के दौरान सूरजपोल चौराहे पर करीब 10 मिनट तक स्काउट बैंड ने मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग और समाजजन मौजूद रहे। सूरजपोल दरवाजे पर अंजुमन फुरकानिया के सदर एवं मुस्लिम समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने स्थानीय आमिल शेख शब्बीर भाई नजमी एवं समाजजनों का फूलमालाओं से स्वागत किया।

जुलूस में जमाली स्काउट बैंड के साथ समाज के विभिन्न वर्गों के लोग तिरंगे और मिलादुन्नबी के झंडे लेकर शामिल हुए। बच्चे घोड़ों पर सवार होकर जुलूस में शामिल रहे। समाज की ओर से जुलूस के दौरान माकूल व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

## मिशन सलूंबर को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारने के निर्देश

**सलूंबर@पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी.पी. की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य और जनसमस्याओं से जुड़े विभिन्न विषयों की विभागवार समीक्षा की गई।



जिला कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के मिशन सलूंबर को शत-प्रतिशत प्रभावी रूप से लागू करने और विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ पेयजल, स्वच्छता, शौचालय व विद्युत जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्यालयों में आवश्यक सूचनाएं एवं साइन बोर्ड हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रदर्शित करने तथा विद्या संबल योजना एवं ज्ञान संकल्प पोर्टल की नियमित निगरानी के निर्देश भी दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में मौसमी एवं मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रत्येक मंगलवार को मिशन मोड में गतिविधियां संचालित करने और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया। वहीं सम्पर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को विभागीय लक्ष्यों की नियमित समीक्षा कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा।

## संक्षिप्त समाचार

### 70 महिलाओं को वितरित की सिलाई मशीन



**लखनऊ, एजेंसी।** ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन के पास स्थित होटल में रविवार को लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी की ओर से अभ्युदय समारोह का आयोजन हुआ। पहले चरण में 70 सिलाई मशीनें और साइकिलें वितरित की गईं, जिनका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और लोगों की जिंदगी आसान करना रहा। दूसरे चरण में इंस्टॉलेशन सेरेमनी हुई, जहां डिस्ट्रिक्ट स्तर पर नई जिम्मेदारियों की औपचारिक शुरुआत हुई। लायंस क्लब इंटरनेशनल के नए इंटरनेशनल डायरेक्टर विनय मित्तल मुख्य अतिथि रहे। जितेंद्र सिंह चौहान ने इंस्टॉलेशन अधिकारी की भूमिका निभाई। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य पवन सिंह चौहान और विधायक नीरज बोरा ने भी शिरकत की। पहले डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दलजीत सिंह टोनी, दूसरे वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नवीन कुमार झिंगरन, डिस्ट्रिक्ट इंस्टॉलेशन चेयरपर्सन एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बीएन चौधरी, आरसी मिश्रा, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर परमजीत सिंह सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं ने दिखाई कला की प्रतिभा

**कानपुर, एजेंसी।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में रविवार को छात्र-छात्राओं ने कला का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाई। स्वामी हरिदास संगीत एवं नाट्य अकादमी ने स्टूडेंट काउंसिल के सहयोग से 'कलारंभ 2026इ27' का आयोजन किया, जिसमें नृत्य, गायन और नाट्य की प्रस्तुति हुई। मुख्य अतिथि डॉ. वंदना पाठक ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच को नई दिशा देती हैं। डॉ. राजकुमार त्रिपाठी, अमित तिवारी, रागिनी, डॉ. मीत कमल, प्रशांत, सरिता, विनम्रता, डॉ. एसी पांडेय सहित समेत अन्य मौजूद रहे।

### कैंटोनमेंट स्कूल ने जीती पहली एक्सएमए लीग

**वाराणसी, एजेंसी।** कैंटोनमेंट स्कूल ने पहली एक्सएमए लीग 2026 की टीम चैंपियनशिप जीती। एक्सट्रीम मार्शल आर्ट्स उत्तर प्रदेश (एक्सएमएयूपी) ने यह प्रतियोगिता आयोजित की। यह प्रतियोगिता बीएचयू के डॉ. विभूति नारायण सिंह इंडोर स्टेडियम में हुई। इसमें उत्तर प्रदेश के 17 जिलों से कुल 656 खिलाड़ियों ने भाग लिया। टीम चैंपियनशिप में गाजीपुर दूसरे और आजमगढ़ तीसरे स्थान पर रहे। विजेताओं को प्रो. रेखा और रजनीश कनौजिया ने सम्मानित किया।

### नगरीय निकाय निदेशालय की टीम करेगी नगर निगम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**गोरखपुर, एजेंसी।** नगरीय निकाय निदेशालय की टीम सोमवार को नगर निगम की विभिन्न सुविधाओं और व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेगी। एडिशनल डायरेक्टर वित्त अमित सिंह और अभय सिंह के नेतृत्व में टीम नगर निगम क्षेत्र में प्लांट, पिट कम्पोस्टिंग, शौचालयों, एमआरएफ सेंटर, राप्ती ईको पार्क, बड़े नाले-नालियों और वाहन वर्कशॉप का जायजा लेगी। निरीक्षण को लेकर नगर निगम प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। संबंधित अधिकारियों और सफाई निरीक्षकों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। नगर आयुक्त अजय जैन ने सफाई निरीक्षकों से अपने-अपने वार्डों में आने वाली संबंधित सुविधाओं का स्वयं निरीक्षण करने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिया है कि निरीक्षण के दौरान संबंधित सभी स्थल साफ-सुथरे मिलें और वहां की व्यवस्थाओं में किसी तरह की कमी न रहे। सफाई व्यवस्था, कूड़ा प्रबंधन और अन्य सुविधाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है।

### रोटरी के नए सदस्यों को कराया सेवा का बोध

**वाराणसी, एजेंसी।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120 के वाराणसी रीजन की ओर से रविवार को नव सदस्य अभिप्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन एक होटल में किया गया। कार्यक्रम में वाराणसी रीजन के विभिन्न रोटरी क्लबों से जुड़े बड़ी संख्या में नव सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शुरुआत अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ओलियांका हकीम बाबालोला और मंडलाध्यक्ष पूनम गुलाटी के संदेशों के साथ हुई। मुख्य अतिथि पूर्व मंडलाध्यक्ष उत्तम अग्रवाल और मुख्य वक्ता संजय अग्रवाल रहे। मुख्य वक्ता संजय अग्रवाल ने कहा कि नए सदस्य रोटरी की ताकत हैं। उनकी सक्रियता से क्लब को ताकत मिलती है। आयोजक रोटरी क्लब वाराणसी, सारनाथ ने आयोजन की व्यवस्थाओं से सभी सदस्यों का स्वागत किया। वाराणसी रीजन के क्षेत्रीय प्रमुख अनिल के. जाजोदिया ने अध्यक्षता की।

### इटावा के केदारेश्वर मंदिर की काशी में निकली शोभायात्रा

**वाराणसी, एजेंसी।** इटावा में निर्माणाधीन केदारेश्वर मंदिर के शुभारंभ से पहले रविवार को काशी में गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा में मंदिर के भव्य स्वरूप और विशाल शिवलिंग की प्रतिकृति झांकी के तौर पर प्रदर्शित की गई थी। शोभायात्रा सिकरौल से शुरू होकर श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में शामिल महिलाओं और भक्तों ने बाबा काशी विश्वनाथ का जलाभिषेक किया। यात्रा भोजूबीर टैगोर कॉलोनी के गेट पर मंदिर में आरती से शुरू हुई। चंदौली के सपा सांसद वीरेंद्र सिंह, समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री मनोज राय धूपचंडी, आनंद मोहन गुड्डू यादव, शुभम यादव जिद्दी, राज यादव, मनोज यादव गोलू, शंभू नाथ सोनकर, जैकी चौहान, विशु गौड़ आदि शामिल रहे। बता दे कि उत्तराखंड के केदारनाथ धाम की तर्ज पर बन रहे इस मंदिर का निर्माण समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की पहल पर कराया जा रहा है।

**सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट का ऐसा हाल**

# 51 करोड़ से बन रहे तीन स्कूल, तस्वीर चौंका देगी

**आगरा, एजेंसी।** बच्चों का भविष्य संवारने के लिए बनाए जा रहे मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूलों की ही नींव ही भ्रष्टाचार की जमीन पर रखी गई है। 51 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे तीन स्कूलों के निर्माण में जंग लगी सरिया और मानकविहीन ईंटों का उपयोग किया जा रहा है। निर्माण स्थल पर तकनीकी स्टाफ भी नहीं मिला। श्रमिकों की संख्या के मुकाबले काम की रफ्तार धीमी पाई गई। ऐसे में मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में इस्तेमाल हो रही निर्माण सामग्री और उसकी निगरानी दोनों पर सवाल खड़े हो गए हैं।

पिनाहट के राठौटी, एत्मादपुर के बिरखनी और बरौली अहीर के धमौटा में स्कूलों का निर्माण चल रहा है। राठौटी और बिरखनी में 25-25 करोड़ रुपये की लागत से मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल बनाए जा रहे हैं। धमौटा में एक करोड़ रुपये की लागत से मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय बन रहा है। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) निर्माण करा रही है।





28 जुलाई को जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक में डीएम मनीष बंसल ने निर्माणाधीन स्कूलों के निरीक्षण के निर्देश दिए थे। इसके बाद बीएसए डॉ. राकेश सिंह ने टास्क फोर्स के साथ तीनों स्कूलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण में मानकों की धज्जियां उड़ती मिलीं। निरीक्षण के बाद बीएसए ने डीएम को पत्र भेजकर तीनों स्कूलों के निर्माण की तकनीकी जांच कराने का अनुरोध किया है। बीएसए डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि मैंने तीनों स्कूलों की जांच पूरी कर रिपोर्ट डीएम को भेज दी है। उनसे आवश्यक निर्देश प्राप्त हुए हैं। उसके अनुरूप विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### क्या है खास

मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल में नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक की शिक्षा एक ही छत के नीचे आधुनिक और हाईटेक सुविधाओं के साथ दी जाएगी। स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान और रोबोटिक्स लैब और डिजिटल लाइब्रेरी की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही खेल का मैदान, मिनी स्टेडियम और मल्टीपरपज हॉल बनेगा। प्रत्येक विद्यालय में 1500 से 3000 विद्यार्थियों के पढ़ने की व्यवस्था होगी।

### घट जाती है भवन की उम्र

यूपी आर्किटेक्ट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और निर्माण विशेषज्ञ राजीव द्विवेदी ने कहा कि जंग लगने के बाद सरिये का वॉल्यूम बढ़ने लगता है। इससे कंक्रीट पर दबाव पड़ता है और आगे चलकर कंक्रीट के फटने का खतरा रहता है। इसका असर भवन की मजबूती और उसकी उम्र पर पड़ता है। 15 से 20 साल में भवन की स्थिति खराब होने होने लगती है। बड़े प्रोजेक्ट में निर्माण स्थल पर तकनीकी टीम की मौजूदगी बेहद जरूरी है। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच होनी चाहिए।

## सितंबर तक करा ली जाएंगी आयुर्वेद-यूनानी की लंबित परीक्षाएं



**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी में आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड की दो साल से लंबित चल रहीं सभी वार्षिक परीक्षाएं सितंबर माह तक करा ली जाएंगी। अक्तूबर माह में परिणाम जारी होगा। संस्थानों को भी परीक्षा की तैयारी शुरू करने का निर्देश दिए गए हैं।

प्रदेश में आयुर्वेद एवं यूनानी विभाग में नर्सिंग, फार्मासिस्ट की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं की नियमित परीक्षाएं दो साल से लंबित हैं। पिछले सप्ताह विभाग के ही विशेष सचिव मदन सिंह गर्ब्याल को बोर्ड का नियंत्रक बनाया गया है।

बोर्ड से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण केंद्रों को निर्देश दिए गए हैं कि वर्ष 2020-21 से लेकर वर्ष 2023-24 के बीच की सभी पूरक परीक्षाएं 25 अगस्त से एक सितंबर के बीच शुरू की जाएंगी। वर्ष 2021-22 से वर्ष 2024-25 तक की नर्सिंग एवं फार्मासिस्ट की अंतिम वर्ष की वार्षिक क्रियात्मक परीक्षाएं 10 सितंबर से एवं लिखित परीक्षाएं 15 सितंबर से शुरू होंगी।

अब तक लंबित सभी परीक्षाएं सितंबर माह में पूरी कर ली जाएंगी। अक्तूबर में परिणाम जारी कर दिया जाएगा। आगे से सभी सत्र की नियमित परीक्षाएं समय से कराने की योजना हैं। इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## मोबाइल घर पर छोड़ बच्चों संग निकला युवक, रातभर पुलिस को छकाया

**गोरखपुर, एजेंसी।** पत्नी से विवाद के बाद दो मासूम बच्चों को लेकर घर से निकले युवक ने पुलिस को रातभर छकाए रखा। शनिवार दोपहर रामजानकी नगर, बशारतपुर निवासी अशोक शर्मा का पत्नी से विवाद हुआ था। आरोप है कि कहासुनी के दौरान उसने पत्नी से मारपीट और गाली-गलौज की। इसके बाद वह पांच वर्षीय बेटे और तीन वर्षीय बेटी को साथ लेकर घर से निकल गया।

देर रात तक पति और बच्चों के वापस नहीं लौटने पर पत्नी ने आसपास तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद शाहपुर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की तो वह घर से करीब 200 मीटर के दायरे में ही मिल रही थी। पुलिस ने आसपास के कई घरों की तलाशी ली, लेकिन युवक और बच्चों का पता नहीं चला। बाद में पुलिस को पता चला कि अशोक अपना मोबाइल साइलेंट कर घर के पास ही छोड़ गया था। इससे पुलिस को लगातार गलत दिशा में लोकेशन मिलती रही। रातभर तलाश के बाद पुलिस ने रविवार को इलाके में लगे सीसी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में अशोक बच्चों के साथ मोहल्ले में ही नजर आया। इसके आधार पर पुलिस ने दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में अशोक ने बताया कि वह रातभर रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर रहा था। थानाध्यक्ष अंजय कुमार सिंह ने बताया कि 24 घंटे के भीतर दोनों बच्चों को बरामद कर मां को सौंप दिया गया।

## घर बताकर खरीदा व्यावसायिक भवन, अब चुकाने पड़ेंगे 15 लाख




**आगरा, एजेंसी।** आगरा के गांधी नगर हाउसिंग स्कीम स्थित एक दो मंजिला भवन की खरीद में स्टांप चोरी पकड़े जाने पर जिलाधिकारी की अदालत ने डॉक्टर दंपती पर जुर्माना लगाते हुए करीब 15 लाख रुपये जमा कराने के आदेश दिए हैं। गांधी नगर में अस्पताल संचालक डॉ. मनीषा गुप्ता और उनके पति डॉ. विनय कुमार गुप्ता ने दयाल प्रसाद तनेजा से गांधी नगर हाउसिंग स्कीम स्थित 297.25 वर्ग मीटर का एमआईजी भवन खरीदा था। रजिस्ट्री के समय दंपती ने भवन को आवासीय दर्शाते हुए केवल 9.59 लाख रुपये स्टांप और 1.38 लाख रुपये निबंधन शुल्क दिया था। पॉश एरिया में हुई खरीद की प्रशासनिक अमले ने जांच कराई।

जांच में सामने आया कि भवन के भूतल (252.68 वर्ग मीटर) पर व्यावसायिक गतिविधि संचालित हो रही थी, जबकि प्रथम व द्वितीय तल आवासीय रूप में उपयोग में थे। इस दौरान दंपती ने एडीएम वित्त की जांच को भी स्वयं करने की बजाय स्टांप सहायक से कराने व निरीक्षण के क्षेत्राधिकार पर सवाल उठाया। दोबारा जांच कराने का आवेदन दिया।

अदालत ने पाया कि मौके पर व्यावसायिक गतिविधि संचालित होने का खंडन नहीं किया गया। इसी के बाद आवेदन खारिज कर डीएम ने 10.65 लाख बकाया स्टांप, 1.50 लाख निबंधन शुल्क और 2.66 लाख रुपये जुर्माना लगा दिया। अदालत ने क्रेता पक्ष को बकाया धनराशि बैनामा तिथि 31 मई 2024 से 1.5 प्रतिशत प्रति माह ब्याज सहित जमा करने का आदेश दिया है। दंपती ने फैसले पर असंतुष्टि जताते हुए कहा कि संपत्ति का न तो कोई व्यावसायिक इस्तेमाल किया गया, न ही आगे किया जाएगा।

**60 फीट के झूले पर विराजमान हुए राधा-कृष्ण**

## 12 ज्योतिर्लिंग के किए दर्शन

**वाराणसी, एजेंसी।** त्रिदेव मंदिर में रविवार को भक्तों ने वृजधाम सरीखे राधा-कृष्ण के दर्शन की अनुभूति की। द्वादश हिम शिवलिंग, वृंदावन के मोहक फूल बंगले, झील के फुहारों के बीच राधा-कृष्ण के जल विहार की झांकी के दर्शन कर श्रद्धालु भावविह्वल हो उठे। राणी सती, सालासर हनुमान और खाटू वाले श्याम प्रभु के चितचोर साज श्रृंगार के दर्शन के साथ त्रिदेवों को छप्पन भोग लगा।



कोलकाता के मालियों ने चमेली, जूही, सफेद व गुलाबी कमल सहित देसी-विदेशी फूलों और कामिनी की पत्तियों से मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया। फूलों के झूले में राणी सती, सालासर हनुमान, गणेश, खाटू श्याम, शिव परिवार, राम दरबार, लक्ष्मी व दुर्गा जी विराजमान थीं। त्रिदेव मंदिर राणी सती श्याम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष भरत सराफ और मंत्री राधे गोविंद केजरीवाल ने तीनों विग्रहों की पूजा की। वृंदावन का फूल बंगला लुभावना था। मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। 60 फीट चौड़ी झील में फुहारों के बीच रंग-बिरंगे झूले पर जीवंत राधा कृष्ण की जलविहार की झांकी आकर्षक का केंद्र बनी रही। झील में कबूतर, बगुला, हंस विचरण करते नजर आए। हिम शिवलिंग के साथ परिसर में हरियाली छटा व झरनों की फुहार के नीचे द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन भक्तों को हुए। मंदिर के परिक्रमा पथ पर 300 बर्फ की सिल्लियां व फर्श पर गुलाब की पंखुड़ी बिछाई गई थी। भक्त भजनों की फुहार में भी भीगे। पूजन में अनूप सराफ, सुरेश तुलस्यान, अनिल सराफ, राम बूबना, विजय मोदी, सज्जन सिंघी, राकेश देवड़ा, प्रकाश, सुनील अग्रवाल, रूपेश सनथोलिया, विजय खेमका आदि मौजूद रहे।

## बेजुबान पालतू जानवरों की बीमारी को लेकर अलर्ट करेगा वीक्योरा

**गोरखपुर।** पालतू जानवर अपनी तकलीफ बता नहीं सकते। ऐसे में उनकी बीमारी की गंभीरता समझने में मदद के लिए गोरखपुर विश्वविद्यालय के बीटेक छात्रों की टीम आर्क ने एआई आधारित एप वीक्योरा विकसित किया है। यह लक्षणों के आधार पर बीमारी की गंभीरता और पशु चिकित्सक की जरूरत का आकलन करेगा।

वीक्योरा में पशु मालिक सामान्य भाषा में पालतू के लक्षण दर्ज कर सकते हैं। एआई इन जानकारियों का विश्लेषण कर जरूरत के अनुसार सवाल पूछता है। आरएजी तकनीक, क्लीनिकल नियमों और सुरक्षा लेयर की मदद से बीमारी की स्थिति को कम, मध्यम, अधिक या गंभीरतम श्रेणी में रखा जाता है। यह एप केवल बीमारी की जानकारी देने तक सीमित नहीं है। यह गलत घरेलू उपचार और बिना चिकित्सकीय सलाह के दवा देने से भी सावधान करता है। इसमें क्या करें और क्या न करें की जानकारी दी जाती है ताकि पालतू को नुकसान से बचाया जा सके। टीम आर्क में नितिन कुमार, अनामता शाबी, जिज्ञासा सिंह, आरब्ध शर्मा, अंश कुमार और तिजिल सोनकर शामिल हैं। इस टीम को गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकथॉन में इस एप के लिए तीसरा स्थान मिला है।

वीक्योरा में पशु चिकित्सक के लिए जानवर की जानकारी, लक्षण, उनकी अवधि, गंभीर संकेत और तात्कालिकता का स्तर एक जगह व्यवस्थित हो जाता है। इससे डॉक्टर को समस्या समझने और उपचार संबंधी निर्णय लेने में आसानी होती है। वीक्योरा विकसित करने वाली टीम आर्क के टीम लीडर नितिन कुमार के मुताबिक, एआई सामान्य भाषा में बताए गए लक्षणों को समझकर व्यवस्थित करता है।

## यूपी की राजधानी में मकान और दुकान के लिए जमीन खरीदने का मौका



**लखनऊ, एजेंसी।** आवास विकास परिषद की वृंदावन और अवध विहार योजना में आवासीय, व्यावसायिक और ग्रुप हाउसिंग के भूखंड में आवेदन की अंतिम तिथि 24 अगस्त निर्धारित है। परिषद ने 100 से अधिक भूखंडों का पंजीकरण खोला है। इन्हें खरीदने के इच्छुक लोग सोमवार तक पंजीकरण कर सकते हैं। इन भूखंडों का आवंटन 25 अगस्त तक नीलामी के जरिये किया जाएगा।

आवास विकास की वृंदावन योजना रायबरेली रोड और अवध विहार योजना सुल्तानपुर रोड पर स्थित है। इनमें 2500 वर्ग मीटर से लेकर 15,665 वर्ग मीटर तक के भूखंड उपलब्ध हैं। ग्रुप हाउसिंग के अलावा दुकान, होटल और स्कूल बनाने के लिए भी भूखंड उपलब्ध हैं।

25 लाख रुपये में दुकान

वृंदावन योजना के गोवर्धन एंक्लेव में 17 वर्ग मीटर की दुकानें भी नीलामी से बेची जा रही हैं। इसकी आरक्षित कीमत करीब 25 लाख रुपये रखी गई है। इसके अलावा वृंदावन योजना में स्कूल, मल्टीप्लेक्स के अलावा अन्य उपयोग के व्यावसायिक भूखंड भी हैं। स्कूल के लिए 500 वर्ग मीटर से 4000 वर्ग मीटर तक के भूखंड हैं वहीं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और मॉल के लिए 800 वर्ग मीटर से 15,000 वर्ग मीटर तक के बड़े भूखंड हैं। वृंदावन योजना में अब आईटी और एआई कंपनियों के लिए भी सस्ते दामों पर जमीन दी जा रही है।

# चंपत राय ने गोपनीय डायरी में लिखा... अखिलेश तक कैसे पहुंची चोरी की बात, हमारे बीच भेदिया कौन?

**लखनऊ, एजेंसी।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण के मामले में मंदिर परिसर के भीतर हुई कार्रवाई को लेकर पूर्व महासचिव चंपत राय की गोपनीय डायरी में कई गंभीर सवाल दर्ज हैं। डायरी में उन्होंने लिखा कि समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव तक घटना की जानकारी पहुंचने के बाद उनके सामने सबसे बड़ा सवाल यह था कि हमारे बीच में छिद्र कहां है, कौन भेदिया है?

डायरी के मुताबिक, चंपत राय चार जून को ट्रेन संख्या 14206 दिल्ली-अयोध्या एक्सप्रेस से अयोध्या के लिए रवाना हुए थे। उसी रात करीब 9ः30 बजे कार्यकर्ता आनंद चौधरी का वाट्सएप संदेश मिला कि हुंडी गणना कक्ष के शौचालय में नोटों की गड्डी मिली है। करीब 2.25 लाख रुपये की रकम सामने आने के बाद मामले की पड़ताल शुरू हुई।

अगले दिन अयोध्या पहुंचने पर सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। डायरी में दर्ज विवरण के अनुसार, शाम की दूसरी शिफ्ट में काम करने वाले तीन गणना कर्मियों पर रकम चोरी करने का संदेह सामने आया। पांच जून की रात तीनों युवकों को घर जाते समय रोककर पूछताछ की गई। इसके बाद उनके घरों से अलग-अलग रकम मंगाकर बरामद की गई।

गोपाल राव ने चंपत राय को आरोपियों के पकड़े जाने





और एफआईआर दर्ज कराने की जानकारी दी। हालांकि, चंपत राय ने एफआईआर कराने से इंकार करते हुए कहा कि रामजन्मभूमि परिसर में पुलिस मौजूद है और मामले की जानकारी उसे दी जाए।

**रातभर चली पूछताछ, घरों से मंगाई गई रकम :** डायरी के अनुसार, छह जून की सुबह गोपाल राव अयोध्या से बाहर चले गए। चंपत राय को इटावा जाना था लेकिन उन्होंने अपनी यात्रा रद्द कर दी और रामजन्मभूमि परिसर स्थित यात्री सुविधा केंद्र भवन पहुंच गए। गणना कक्ष के पास कमरा नंबर एक में डॉ. अनिल मिश्र, एसपी सुरक्षा, आरएमओ और परिसर चौकी प्रभारी भी मौजूद थे।

रात में तीनों युवकों को दोबारा बुलाया गया। उन्हें समझाया गया कि चोरी के मामले में कार्रवाई होने पर उनका भविष्य खराब हो सकता है। इसके बाद युवकों ने अपने घरों से रकम मंगानी शुरू की। पूछताछ में सामने आए नामों के आधार पर अन्य लोगों को भी बुलाया गया। जिनके खिलाफ मामला स्पष्ट नहीं रहा, उन्हें उनके पिता को बुलाकर सौंप दिया गया।

रात करीब नौ बजे तक बरामद रकम को अलग-अलग झोलों में रखा गया। प्रत्येक झोले पर संबंधित व्यक्ति का नाम, रकम लाने वाले का नाम, तारीख और बरामद धनराशि दर्ज की गई। सात जून को फिर यात्री सुविधा केंद्र में बैठक और पूछताछ का दौर चला। सीसीटीवी में कुछ अन्य लोग भी कथित तौर पर चोरी करते दिखाई दिए थे। उन्हें बुलाकर पूछताछ की गई और उनसे भी घर से रकम मंगाई गई। एक युवक के रुदौली के पास स्थित गांव में पांच-छह लोगों को भेजा गया, जहां उसने खुद घर से रकम का थैला निकालकर सौंप दिया।

इसी दौरान एक अन्य संदिग्ध का नाम सामने आया, जो घर पर नहीं मिला। परिसर की पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर उसकी तलाश की। डायरी के अनुसार, वह बहराइच जिले में नेपाल सीमा के करीब एक गांव में मिला और एसपी सुरक्षा के स्तर से उसे पकड़वाया गया।

**अखिलेश यादव के बयान से उठे 'भेदिया' के सवाल :** बरामद रकम के सभी झोलों को एक बड़ी तिजोरी में रख दिया गया। इसी बीच लखनऊ में समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने घटना को लेकर तीखा बयान दिया। इसके बाद मामले को लेकर मंदिर प्रबंधन के भीतर हलचल तेज हो गई।

डायरी के अनुसार, उसी शाम करीब आठ बजे डॉ. अनिल मिश्र, एसपी सुरक्षा और चंपत राय तत्कालीन एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के आवास पहुंचे। वहां चर्चा के बाद चंपत राय ने चार-पांच पंक्तियों का एक वक्तव्य तैयार कर प्रेस को दिया। यहीं से डायरी में दर्ज सबसे अहम सवाल सामने आता है।

चंपत राय ने लिखा कि अखिलेश यादव तक घटना की जानकारी किस माध्यम से पहुंची और यह सूचना किसने दी? उनके शब्दों में, हमारे बीच में छिद्र कहां है, कौन भेदिया है? यह सवाल सिर्फ चोरी की रकम की बरामदगी तक सीमित नहीं था, बल्कि मंदिर परिसर के भीतर की गोपनीय जानकारी बाहर पहुंचने को लेकर भी था।

**11 जून की बैठक में एसआईटी जांच पर बनी सहमति :** इसके बाद 11 जून को लखनऊ में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें चंपत राय, गोपाल राव, डॉ. अनिल मिश्र, स्वामी गोविंद देव गिरी, नृपेंद्र मिश्र, कृष्ण मोहन और क्षेत्र प्रचारक अनिल कुमार सिंह मौजूद थे। बैठक में पूरे घटनाक्रम की जानकारी रखी गई। शुरुआत में उच्च न्यायालय के तीन सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की समिति से जांच कराने पर विचार हुआ। हालांकि, बाद में इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ाया गया और मामले की जांच विशेष जांच दल यानी एसआईटी से कराने का निर्णय लिया गया।

दैनिक पदमावत मीडिया – डिजिटल संस्करण, स्वत्वाधिकारी व प्रकाशक : पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित। सम्पादक : पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, मो. नं.: +91-95945-42679 / e-mail:- padmavatmedia@gmail.com / Web:- padmavatmedia.in / पंजीकृत संख्या : MH180326353 / (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।